जब आप जीतते हैं तो शून्य से शुरुआत करते हैं, लेकिन जब हारते हैं, तब भी तो ऐसा ही होता है। हम भारत से कोई बोझ लेकर नहीं आए हैं।
– जसप्रीत बुमराह

भारतीय गेंदबाज, पांच मैच की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला को लेकर।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी — **यशस्वी जायसवाल**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला मुकाबला कल से पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में शुरू होगा भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पर्थ टेस्ट में नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनकी जगह यशस्वी जायसवाल के साथ केएल राहुल ओपनिंग कर सकते हैं। हालांकि, दावेदारों में अभिमन्यु ईश्वरन का भी नाम है। गिल के अंगूठे में फ्रैक्चर है। उनकी जगह पर तीसरे नंबर पर पडिक्कल तीसरे नंबर पर उतरेंगे। मिडिल ऑर्डर में चौथे नंबर पर विराट कोहली, पांचवें पर ऋषभ पंत और छठे पर जुरेल उतरेंगे। विकेटकीपिंग का जिम्मा पंत संभालेंगे।

क्या आप जानते हैं ?... श्रीलंका ने ऑस्ट्रेलिया में ऐसा कोई टैस्ट नहीं जीता है, उसने ऑस्ट्रेलिया में 8 टैस्ट खेले हैं, जिनमें छह हारे तथा दो ड्रॉ रहे है।

राजस्थान-केरल अंडर-19 कूच बिहार ट्रॉफी मैच

राजस्थान के अनस दोहरे शतक से चूके

जयपुर, 21 नवम्बर। राजस्थान क्रिकेट संघ की मेजबानी में जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम पर खेले जा रहे बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 19 क्रिकेट प्रतियोगिता कूच बिहार ट्रॉफी के राजस्थान –केरल मैच के दूसरे दिन राजस्थान के बल्लेबाज अनस अपने दोहरे शतक से मात्र 2 रनो से चुके। अनस की शानदार शतकीय पारी व आकाश मुंडेल, जतिन के शानदार अर्धशतकों की सहायता से राजस्थान ने अपनी पहली पारी में बड़ा स्कोर बनाया। राजस्थान के गेंदबाज गुलाब सिंह 57/4, आभास श्रीमाली 17/3, जतिन 34/2 व निर्मल बिश्नोई 28/1 विकेट प्राप्त करते हुए केरल को पहली पारी में मात्र 148 रनो के स्कोर पर आल आउट कर दिया। राजस्थान के बल्लेबाज अनस की शानदार शतकीय पारी, आकाश मुंडेल, जतिन के अर्धशतको की सहायता से राजस्थान ने अपनी पहली पारी दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 9 विकेट के नुकसान पर 457 रन बनाते हुए केरल के विरुद न केवल पहली पारी की बढ़त प्राप्त की साथ ही 309 रनो की विशाल बढ़त प्राप्त करते है। मैच में राजस्थान की पकड़ को मजबूत बनाया। अनस ने 239 गेंदों का सामना करते हुए 198 रनो की पारी खेली जिसमे 9 छक्के व 13 चोक्के शामिल थे। टीम के लिए अनस 198, आकाश मुंडेल 77, जतिन 64, पार्थ यादव 40 रन व दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक आभास श्रीमाली नाबाद 31 व गुलाब नाबाद 10 रन बनाकर खेल रहे हैं।

एडीलेड टेस्ट में रोहित की वापसी से भारतीय खेमे में व्यवधान की संभावना : रिकी पोंटिंग

पर्थ, 21 नवम्बर। आस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में मेजबान टीम की 3.1 से जीत की अपनी भविष्यवाणी को दोहराते हुए कहा कि एडीलेड टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा की भारतीय टीम में वापसी से व्यवधान की संभावना है। रोहित पिता बनने के कारण पहले टेस्ट से बाहर है जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा ,“ मेरा मानना है कि उनके अभियान में और व्यवधान की संभावना है जब रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट से लौटेगा। मैं अभी भी कहता हूं कि आस्ट्रेलिया 3.1 से जीतेगा।”

उन्होंने कहा, “मार्नस लाबुशेन और स्टीव स्मिथ को रन बनाने होंगे। आस्ट्रेलिया की गेंदबाजी बहुत अच्छी है लिहाजा मैं अपनी भविष्यवाणी पर कायम हूं।” दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से शुरू होगा जो दिन रात का मैच होगा। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में आस्ट्रेलिया के लिये सर्वाधिक रन बना चुके पोंटिंग का मानना है कि न्यूजीलैंड से घरेलू श्रृंखला में मिली हार के बावजूद भारतीय टीम काफी संतुलित है। उन्होंने कहा ,“ भारत को पता है कि पर्थ टेस्ट में उसकी टीम क्या होगी। उसे पता था कि रोहित इस टेस्ट में नहीं खेलेगा। यह भी पता था कि बुमराह कप्तान होगा। उन्हें पता था कि किन कमियों को पूरा करना है। टीम संतुलित लग रही है।”

नीतीश ने की भारतीय महिला हॉकी टीम के प्रत्येक सदस्य को 10 लाख देने की घोषणा

पटना, 21 नवम्बर। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) जीतने पर बधाई दी और टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार भारतीय महिला हॉकी टीम की सभी खिलाड़ियों और मुख्य कोच को 10-10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा जबकि सहयोगी स्टाफ को पांच-पांच लाख रुपये मिलेंगे। भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को राजगीर में फाइनल में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा गया, “मुख्यमंत्री ने भारतीय टीम के खेल की सराहना की, विशेषकर चीन के साथ फाइनल मैच के दौरान। यह बिहार में भारतीय महिला हॉकी टीम की ऐतिहासिक जीत है।

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25

कई दिग्गज होंगे इंडिया वर्सेस ऑस्ट्रेलिया सीरीज में कमेंटेटर

पर्थ, 21 नवम्बर। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024 के लिए क्रिकेट जगत में रोमांच दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज शुक्रवार 22 नवंबर से हो रहा है। वहीं इस सीरीज पर पूरी दुनिया की नजरें हैं, साथ ही कई फैंस को विराट कोहली से काफी उम्मीदे हैं। हालांकि, इससे पहले सीरीज में कमेंटेटर के नाम की लिस्ट सामने आ गई है।

वहीं पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा, जिसके लिए अंग्रेजी कमेंट्री का भार मैथ्यू हेडन, रवि शास्त्री, सुनील गावस्कर, वसीम अकरम, मुरली विजय, रसेल ऑर्नोल्ड औऱ मार्क निकोलस को चुना गया है। वहीं हिन्दी कमेंट्री कि जिम्मेदारी रवि शास्त्री, वसीम अकरम, चेतेश्वर पुजारा, सुनील गावस्कर, संजय मांजरेकर, जतिन सप्रू और दीप दास गुप्ता को सौंपी गई है। अंग्रेजी कमेंटेटर-मैथ्यू हेडन, रवि शास्त्री, सुनील गावस्कर, वसीम अकरम, मुरली विजय, रसेल आर्नोल्ड और मार्क निकोलस। हिन्दी कमेंटेटर-रवि शास्त्री, वसीम अकरम, चेतेश्वर पुजारा, सुनील गावस्कर, संजय मांजरेकर, जतिन सप्रू और दीप दास गुप्ता।

भारतीय टीम ने अब तक ऑस्ट्रेलियाई सरजमीं पर कंगारू टीम के खिलाफ कुल 52 मैच खेले हैं, जिनमें से टीम इंडिया केवल 9 बार जीत दर्ज कर सकी है। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने 30 मौकों पर बाजी मारी है और 13 मैच ड्रॉ रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने घरेलू मैदानों पर खेले गए आखिरी 10 मैचों में भारत को सिर्फ 2 बार हरा पाया है। चार बार टीम इंडिया ने बाजी मारी है, वहीं चार मुकाबले ड्रॉ पर छूटे थे।

आरसीए के पूर्व सचिव अशोक ओहरी के निधन से खेल जगत में शोक

जयपुर, 21 नवम्बर। आरसीए एडहॉक कमेटी सदस्य धर्मवीर सिंह शेखावत ने बताया कि आज आरसीए के पूर्व सचिव, बीकानेर जिला क्रिकेट संघ अध्यक्ष व वरिष्ठ खेल प्रशासक अशोक ओहरी के आकस्मिक निधन से समस्त राजस्थान क्रिकेट संघ व सम्बंधित जिला क्रिकेट संघो, राजस्थान खेल जगत में शोक की लहर दौड़ गयी। स्वर्गीय अशोक ओहरी ने राजस्थान क्रिकेट जगत व बीकानेर जिले में क्रिकेट के विकास व उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किये व उनके ही प्रयासों से बीकानेर जिले ने राजस्थन को कई प्रतिभाशली व उच्च स्तरीय खिलाडी दिए जिन्होंने न केवल बीसीसीआई की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में राजस्थान का प्रतिनिधत्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया जिनमे मुख्य रूप से रणजी ट्रॉफी, आईपीएल सहित कई ख्याति प्राप्त राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं शामिल हैं। समस्त आरसीए एडहॉक कमेटी, राजस्थान क्रिकेट संघ व सम्बंधित जिला क्रिकेट संघ व खेल जगत ने अशोक ओहरी जी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है व दु:ख की इस घड़ी में सभी शोक संतप्त परिवार के साथ खड़े हैं।

जीत के साथ 'मिशन लॉस एंजिलिस 2028' का आगाज किया भारतीय महिला हॉकी टीम ने

राजगीर (बिहार), 21 नवम्बर। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई नहीं कर पाने के गम को भुलाते हुए भारत की युवा और पहले से फिट महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी खिताब बरकरार रखकर 'मिशन 2028 लॉस एंजिलिस' अभियान का आगाज किया। भारत की पुरूष जूनियर टीम को लखनऊ में 2016 में विश्व कप जिता चुके अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह और इस टीम के लिये यह नयी शुरूआत है। अप्रैल में टीम के साथ फिर जुड़ने के बाद से हरेंद्र का एक ही लक्ष्य है।

सात्विक-चिराग की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में, सिंधु हारी

शेन्जेन, 21 नवम्बर। भारत की सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी और लक्ष्य सेन ने डेनमार्क के खिलाड़ियों को हराकर गुरुवार को चाइना मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई। वहीं महिला एकल वर्ग में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु राउंड ऑफ 16 में हारकर बाहर हो गई है। आज यहां खेले गये मुकाबले में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ने 15वें स्थान पर मौजूद डेनमार्क की रासमस कजेर और फेडरिक सोगार्द की जोड़ी को 21-19, 21-15 से मात दी। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने पहले गेम शुरुआती बढ़त हासिल की, लेकिन डेनमार्क की जोड़ी ने 12-12 से स्कोर बराबर कर दिए। इसके बाद दोनों टीमों के बीच बराबरी का मुकाबला हुआ, लेकिन भारतीय जोड़ी ने आखिर में 21-19 से पहला गेम अपने नाम किया। दूसरे गेम में अपनी लय को बरकरार रखते हुए सात्विक और चिराग की जोड़ी ने 17-12 की बड़ी बढ़त बना ली और इस गेम को आसानी से जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।

राजस्थान क्रिकेट में चुनाव का नया सूर्योदय कब ?

सरकार ने क्रिकेट को दुरुस्त करने के लिए एडहॉक कमेटी बनाई : बियानी



जयपुर, 21 नवंबर। सरकार ने बीजेपी विधायक और श्रीगंगानगर जिला क्रिकेट संघ के कोषाध्यक्ष जयदीप बिहानी को एडहॉक कमेटी का संयोजक बनाया। कमेटी में सदस्य नागौर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर, पाली जिला क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह, झुंझुनूं जिला क्रिकेट संघ के सचिव हरिशचंद्र सिंह, बीकानेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव रतन सिंह शेखावत को और वहीं अलवर जिला क्रिकेट संघ के सचिव पवन गोयल को हटाकर उनकी जगह जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ के सचिव विमल शर्मा को कमेटी का सदस्य बनाया गया।

एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बियानी का कहना है कि सरकार ने सरकार ने क्रिकेट को दुरुस्त करने के लिए कमेटी बनाई थी,आज क्रिकेट सुचारू रूप से चल रहा है। राजस्थान के खिलाड़ियों का खेल प्रदर्शन सबके सामने देखने को मिल रहा है। राजस्थान के खिलाड़ी शतकीय पारियों के साथ-साथ तिहरे शतक बना रहे है। इन खिलाड़ियों का चयन सही हुआ है, इसी बात का प्रमाण है कि एडहॉक कमेटी अपना काम सही तरीके से कर रही है।

चुनाव को लेकर बियानी ने बताया कि हमने स्पोर्ट्स कॉउन्सिल को लेटर लिख दिया है, लेकिन उन्होंने अभी तक क्रिकेट जिला संघों की लिस्ट ही नहीं मांगी है। ये स्पोर्ट्स कॉउन्सिल ही बताये की हम क्या करें? अगर स्पोर्ट्स कॉउन्सिल हमसे आज लिस्ट मांग ले तो हम चुनाव की प्रक्रिया आगे बढ़ाये। जहां तक आरसीए ऑफिस के ताले नहीं खुलने की बात है, इस बियानी ने कहा कि ये ऑफिस तो स्पोर्ट्स कॉउन्सिल का है। आरसीए का ऑफिस तो के.एल.सैनी स्टेडियम में है। हमने इस ऑफिस से सारे रिकॉर्डस बाहर निकाल लिए थे, तभी तो ऑडिट हो पाई।

रिकॉर्ड जांचने के बाद ही एडहॉक कमेटी ने पुलिस को शिकायत के साथ 363 पेज की एक जांच रिपोर्ट भी सौंपी है। एडहॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी बताया कि जो दस्तावेज उपलब्ध हुए उनकी वित्तीय विशेषज्ञों से जांच कराई गई। तब जाकर एडहॉक कमेटी ने तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर ज्योति नगर थाने में दर्ज करवाई थी, जिसमे बयान हो चुके है। आगे की कार्यवाही पुलिस सुचारू रूप से कर रही है।

स्पोर्ट्स कॉउन्सिल की बकाया राशि नही चुकाने के बारे में जयदीप बियानी बोले कि बीसीसीआई ने स्पोर्ट्स कॉउन्सिल को बकाया भुगतान करने के लिए कमेटी को कोई राशि नही भेजी है। आरसीए का बकाया भुगतान कमेटी कहां से करे। कमेटी को सिर्फ बीसीसीआई से जो रकम भेजती है उसमें से कमेटी खिलाड़ियों, ऑफिशियल्स ओर कर्मचारियों की पेयमेंट्स के बतौर उनके खातों में सीधे ही भेज दी जाती है। जो भी टूर्नामेंट करवाये जा रहे है, उनका खर्चा बीसीसीआई द्वारा भेजे गए पैसो में से किया जाता है।

बीसीसीआई ही राजस्थान के लिए फंड जारी कर प्रदेश में अटकी क्रिकेट गतिविधियों के संचालन को फिर से शुरू करने में मदद कर रही है। बियानी ने कहा कि जोधपुर के बरकतुल्ला स्टेडियम का बिजली का बिल बकाया था। एडहॉक कमेटी ने जब लीजेंड लीग हुई तब उनसे किराये बतौर पैसे वसूल किये और उन्ही पैसों से बिल के साथ अन्य बकायों का भुगतान भी इसी से किया गया।

आईपीएल को लेकर बियानी के कहा कि आईपीएल वाले हमेशा स्पोर्ट्स कॉउन्सिल से ही मिलते है, इसमे आरसीए का कोई लेना देना नही होता है। हां, ये जरूर है कि आरसीए हमेशा ही स्पोर्ट्स कॉउन्सिल से आईपीएल कराने के लिए ठाउंड्स लीज पर लेती है।

एडहॉक कमेटी और खिलाड़ियों में हो रहे विवाद के बारे में जयदीप बियानी ने बताया कि इस तरह का कोई विवाद है ही नहीं। कमेटी अपना काम अच्छे ढंग से कर रही है। जो खिलाड़ी टेलेंटेड है उन खिलाड़ियों को कौन प्रमोट करेगा? सबसे पहले जिला क्रिकेट संघ खिलाड़ी को प्रमोट करता है तभी तो आरसीए करेगा। सरकार ने इसी काम के लिए ही तो हमे यहां भेजा है। जिस तरह बीसीसीआई टेस्ट और वनडे टीम के अलग - अलग कप्तान बनाती है, इस कमेटी ने भी टेस्ट के लिए हुड्डा को ओर वनडे के लिए महिपाल लोमरोर को कप्तान बनाया है। अब इसमें क्या विवाद है, मुझे नही पता। जिन खिलाड़ियों की परफॉर्मेंस बेहतरीन है उन खिलाड़ियों को खिलाने की जिम्मेदारी एडहॉक कमेटी की भी बनती है, ताकि कोई क़ाबिल खिलाडी टीम से बाहर नही बैठा हो। बाकी जो आरोप ओर विवादो से एडहॉक कमेटी का कोई लेना देना नही है। ये सभी राजनीति का एक हिस्सा हो सकता है।

ओजस्विनी सारस्वत ने आईजीयू नॉर्दर्न इंडिया लेडीज और जूनियर गोल्फ चैम्पियनशिप में चौथा राष्ट्रीय खिताब जीता

जयपुर, 21 नवम्बर। युवा गोल्फ खिलाड़ी, ओजस्विनी सारस्वत ने आईजीयू नॉर्दर्न इंडिया लेडीज और जूनियर गोल्फ चैंपियनशिप में अपनी शानदार खेल क्षमता का प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष का चौथा राष्ट्रीय खिताब जीता है। यह चैंपियनशिप जेपी

विशटाउन गोल्फ क्लब में आयोजित की गई थी, जहां ओजस्विनी ने प्रत्येक दिन 5 अंडर, 1 अंडर और 2 अंडर के राउंड खेलते हुए, 8 अंडर पार के स्कोर के साथ टूर्नामेंट समाप्त किया। ओजस्विनी ने सात स्ट्रोक की बढ़त के साथ जीत हासिल की, जिससे भारतीय गोल्फ में उनकी स्थिति एक उभरते सितारे के रूप में और भी मजबूत हो गई है। उन्होंने अपने कोच लॉरेंस ब्रदरिज़ और इंडियन गोल्फ यूनियन का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि जयपुर के रामबाग गोल्फ क्लब में नियमित अभ्यास ने उनकी निरंतर सफलता में काफी योगदान दिया है।

शूटिंग रेंज जगतपुरा में इंडिया ओपन शूटिंग शॉटगन प्रतियोगिता आज से

जयपुर, 21 नवंबर। 22 नवंबर से 2 दिसम्बर तक इण्डिया ओपन शूटिंग शॉटगन प्रतियोगिता 2024 का शुभारम्भ आज से राष्ट्रीय राईफल एसोसिएशन एव राजस्थान राईफल एसोसिएशन द्वारा ओएसिस शूटिंग रेंज जगतपुरा पर किया जा रहा है। जिसमें भारत के सभी प्रांतो से लगभग 500-600 खिलाडी भाग लेगे।

26वीं नवीन-नफीस ईनामी रशि लीग कम नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल पीएस और अरावली क्रिकेट एकेडमी के मध्य

जयपुर, 21 नवम्बर। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 26 वीं नवीन नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा फाईनल मैच 23 नवम्बर, 2024 को अरावली क्रिकेट ऐकेडमी हाथोज में पी. एस. क्रिकेट ऐकेडमी व अरावली क्रिकेट ऐकेडमी के मध्य खेला जाऐगा। प्रतियोगितर में 25 टीम ने भाग लिया था जिस में लीग आधार 50 मैच खेले गये जिसमें 5 पूल से 4-4 टीमों न नॉक आउट में प्रवेश किया जिसमें पूर्व क्वार्टर फाईनल तक के सभी मैच 20-20 ओवर के खेले गये जब कि, क्वार्टर फाईनल सेमी फाईनल तथा तीनो फाईनल तक सभी मैच 40-40 ओवर खेले गये मैच प्रतियोगिता में कुल 71 मैच खेले गये। जिसमें विजेता को 25000/- उपविजेता को 15000/- तथा मैन ऑफ टुर्नामेट 2100/- बेस्ट बेटसमैन 1100/- बेस्ट बोलर 1100/- बेस्ट फील्डर 1100/- नकद तथा सभी मैचो का मैन ऑफ द मैच का पुस्कार भी दिया जायेगा ये पुरूस्कार सोनी ठ्रुप्स आफ हॉस्पिटल्स तथा गुडेऐज फर्निचर द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

33वां जी.वी. मावलंकर आल इंडिया शॉटगन शूटिंग कंप्टीशन-2024 में राजस्थान शूटर्स ने मारी बाजी

जयपुर, 21 नवंबर। 33वा जी.वी. मावलंकर ऑल इंडिया शॉटगन शूटिंग कंपटीशन-2024 का आयोजन आर्मी मार्क्समैनशिप यूनिट महौ में 16 से 23 नवंबर 2024 तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें जे एस एम शूटिंग रेंज राजस्थान के युवा शूटर्स ने इस टूर्नामेंट में भाग लिया और अपनें बेहतरीन प्रदर्शन से कहीं लोगों को प्रभावित किया। हेड कोच केशरी सिंह नाचना के नेतृत्व में राजस्थान का परचम लहराते हुए जिसमें क्ले पिजन स्कीट जूनियर मेन कैटेगिरी में त्रिकोणीय रिकॉर्ड दर्ज किया तथा तीनों पदक हासिल किये। स्वर्ण पदक अभिमन्यु सिंह नाथावत, रजत पदक अधिराज सिंह राठौर एवं कांस्य पदक रॉबिन राठौर नौसर ने अपने नाम किये। भविष्य में इसी प्रकार से अगर युवा पीढ़ी निरंतर शूटिंग खेल में प्रयास करती रही, तो उन्हें अपनी मंजिलों को हासिल करने में आसानी रहेगी और वो दिन दूर नहीं जिस दिन राजस्थान की युवा पीढ़ी पूरे विश्व में अपना परचम लहराएगी।

बीसीसीआई राष्ट्रीय वीमेन अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता

राजस्थान ने गोवा को हराया

पुणे, 21 नवंबर। पुणे में आज से शुरु हुई बीसीसीआई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अंडर 15 एक दिवसीय ट्रॉफी के पहले मैच में राजस्थान ने गोवा को विशाल अंर्तसे हराया। राजस्थान की सलामी बल्लेबाजों की जोड़ी ने शानदार नाबाद ऐतिहासिक साझेदारी निभाते हुए राजस्थान के लिए विशाल स्कोर बनाया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान की सलामी बल्लेबाज धृति माथुर व गौरवी खंगारोत ने निर्धारित 35 ओवर में बिना किसी नुकसान के 235 रनो की शानदार ऐतिहासिक साझेदारी की। धृति माथुर ने शानदार शतक व गौरवी खंगारोत ने अर्धशतक लगाया।

राजस्थान आवासन मण्डल वृत्त- प्रथम, प्रताप नगर
क्रमांक: 4701 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 12.11.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर, सांगानेर योजना में आवास /फ्लैट 110B202 (2-F) (MIG-B) (एरिया 54.910 वर्गमीटर) प्रताप नगर, सांगानेर का अशोक कुमार पुत्र स्व. श्री नन्द लाल को किया जाकर आवंटन पत्र 898 क्रमांक दिनांक 10.05.2017 को जारी किया गया। जिसका भौतिक कब्जा दिनांक 28.08.2017 को लिया गया है। डॉ. अशोक कुमार की मृत्यु दिनांक 17.07.2024 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती निर्मला पत्नी डॉ. अशोक कुमार द्वारा उक्त आवास/ फ्लैट को अपने नाम हस्तान्तरण करने हेतु आवेदन किया गया है। अतः उक्त आवास/ फ्लैट के हस्तान्तरण वाक्त किसी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती निर्मला पत्नी डॉ. अशोक कुमार का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम राजेन्द्र कुमार मालपानी से बदलकर राजेन्द्र मालपानी रख लिया है। भविष्य में मुझे मेरे नये नाम राजेन्द्र मालपानी पुत्र स्व. राधेश्याम मालपानी के नाम से जाना पहचाना जावे। निवासी 301/बी-14, एनक्लेव-2, नियम सिने स्टार, सेन्ट्रल स्पाईन विद्याधर नगर, जयपुर।

I have changed my name from Sanjeev Kumar to Sanjiv Kumar S/o Prabhu Dayal R/o Daudsar, Nagaur, Rajasthan. For all purpose.

I subhita devi legally wedded spouse of army no 3202644L Ex SEPOY Late Ranwesh Kumar R/O quarter no 20 III floor rpa shastri nagar jaipur that have changed my name from SUBHITA DEVI is wrong entered in service record To SUBHITA KUMARI vide affidavit dated 12 nov24 before district sub magistrate jaipur city north

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 366/2024
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री शशांक अग्रवाल पुत्र श्री राहुल अग्रवाल निवासी 50 धुलेश्वर बाग, सी स्कीम, जयपुर-302001 ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत योग विद्या प्राणिक हीलिंग फाउण्डेशन ट्रस्ट ऑफ राजस्थान कार्यालय पता- 50 धुलेश्वर बाग, सी स्कीम, जयपुर-302001 ने राजस्थान के सम्बन्ध मे जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग मे उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध मे आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 19.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 24.01.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग जयपुर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, जोबनेर जिला जयपुर
मु.नं. 47/24
सेवाराम बनाम लालचन्द
वाद बाबत तकासमा व स्थाई निषेधाज्ञा
बनाम-1. लालचन्द पुत्र स्व. कजोड, 2. रामफूल पुत्र स्व. कजोड, 3. कन्हैयालाल पुत्र स्व. कजोड, 4. ओमप्रकाश पुत्र स्व. कजोड, मोहन पुत्र स्व. कजोड समस्त जाति कुम्हार (प्रजापति), निवासी आसलपुर तहसील जोबनेर जिला जयपुर राज.। वादी ने आपके विरूद्ध तकासमा व स्थाई निषेधाज्ञा के लिये वाद पंजीयन किया है आपका इस न्यायालय में तारीख 27.11.2024 को दिन में 10 बजे दावे का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिए गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित का साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे मे या शक्ति मे है पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन मे साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के वाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता.20 माह 11 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।
मोहर अदालत
आज्ञा से
न्यायाधीश उपखण्ड अधिकारी जोबनेर जिला जयपुर

न्यायालय-अपर जिला एवम् सैशन न्यायाधीश, संख्या-2, हिण्डौन सिटी
मोहर सिंह धाकड बनाम हरखासआम
प्रार्थना-पत्र बाबत जारी किये जाने प्रोवेट
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोहरसिंह धाकड दत्तक पुत्र श्री गोपाल, जाति-धाकड, निवासी-सरकारी अस्पताल के पीछे, साकेत कॉलोनी, हिण्डौन-सिटी जिला करौली ने गोपीचन्द द्वारा आवेदक के हक में दिनांक-06.02.2006 को वसीयतनामा में दर्ज स्व. श्री गोपीचन्द की एक बैठक पश्चिम-दक्षिण झांकती कुँआ के पास वाके धाकड पोठा हिण्डौन में से 1/3 में से 1/4 भाग की सम्पत्ती एवम् आराजीयात खसरा नम्बर-6538 रकबा-0.05 हैक्टर में से 1/8 हिस्सा एवं खसरा नम्बर-1217 रकबा-0.05 हैक्टर गैरमुमकिन कुँआ, खसरा नम्बर-1218/1 रकबा-1.00 हैक्टर चाही प्राथम, खसरा नम्बर-1219 रकबा-0.24 हैक्टर वारानी उत्तम, खसरा नम्बर-1230 रकबा-0.40 हैक्टर चाही प्रथम तथा खसरा नम्बर-1944/4 रकबा-0.10 हैक्टर चाही द्वितीय जाव-2, कुल किता-5, कुल रकबा 1.79 हैक्टर सम्पूर्ण तथा खसरा नम्बर-1227 रकबा-0.09 हैक्टर गैरमुमकिन कुँआ का 1/4 भाग वाके कस्बा-हिण्डौन का प्रोवेट प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए न्यायालय हाजा में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर दिया हैं। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को प्रार्थना-पत्र के स्वीकार करने में कोई आपत्ती हो तो वह अपनी उपस्थिति इस न्यायालय में दिनांक-05.12.2024 को समय 10:00 बजे असालतन व वकालतन उपस्थित होकर अपनी आपत्ती प्रस्तुत कर दे, वर्ना उक्त दिनांक के गुजर जाने के पश्चात् कोई आपत्ती स्वीकार नहीं की जावेगी एवं प्रार्थना-पत्र इकतरफा में सुनवाई कर फैसला कर दिया जावेगा। मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से आज दिनांक 20.11.2024 को जारी किया गया।
मुहर
आज्ञा से- रीडर,
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश, क्र.सं.02 हिण्डौन सिटी

कार्यालय ग्राम पंचायत श्यामपुरा पंचायत समिति स.मा. जिला सवाई माधोपुर
क्रमांक-66 **ई-निविदा